## संपादकीय

# लोकतंत्र को झटका

मॉब लिंचिंग की घटनाओं से चिंतित होकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखने वाले 49 कलाकारों-बुद्धिजीवियों पर बिहार की एक अदालत में राजद्रोह का केस दर्ज होना भारतीय लोकतंत्र पर एक बड़ा धब्बा है। अधिकार और स्वतंत्रता को लेकर अक्सर पूरी दुनिया में भारतीय जनतंत्र की मिसाल दी जाती है। भीड़ की हिंसा पर चिंता जताने वालों को इस तरह पहली नजर में आरोपी मान लेना एक जनतांत्रिक समाज के रूप में हमारी छवि को भारी नुकसान पहुंचाएगा। देर-सबेर बाहर यह चर्चा होनी ही है कि आखिर यह कैसा लोकतंत्र है जिसमें किसी समस्या की ओर ध्यान खींचना भी जुर्म समझा जाता है!

क्या नागरिकों को इतना भी हक नहीं कि वे देश के मुखिया से सीधा संवाद कर सकें बीती जुलाई में इतिहासकार रामचंद्र गुहा, फिल्मकार मणि र म, अनुराग कश्यप और श्याम बेनेगल, अभिनेता सौमित्र चटर्जी, अभिनेत्री अपर्णा सेन और गायिका शुभा मुद्गल समेत कला-संस्कृति से जुड़ी 49 हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मुस्लिमों, दलितों और अन्य कमजोर तबकों के खिलाफ जारी भीड़ की हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा था कि ऐसे मामलों में जल्द से जल्द सख्त सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए। अच्छा होता कि सरकार इस विषय में अपनी सक्रियता से उन्हें अवगत कराती और ऐसी घटनाओं को रोकने में उनका सहयोग मांगती।

...लेकिन सरकार की तरफ से इस बारे में कुछ नहीं कहा गया। उलटे बिहार के मुजफ्फरपुर में एक वकील ने इन लोगों के खिलाफ दायर एक याचिका में आरोप लगाया कि अपने पत्र से इन्होंने प्रधानमंत्री और देश की छवि को धूमिल किया और अलगाववादी प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। अगस्त में दायर इस याचिका पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद बीते गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज हुई है जिसमें पत्र लिखने वालों पर राजद्रोह, उपद्रव और शांति भंग करने के इरादे से धार्मिक भावनाओं को आहत करने संबंधी धाराएं लगाई गईं हैं। इस पर देश भर में बवाल हुआ तो बिहार के डीजीपी ने सफाई दी कि बिहार सरकार का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भी कहा कि केंद्र सरकार ने ऐसा कोई मामला दर्ज नहीं किया है। याचिका डालने वाले सज्जन नामचीन हस्तियों के विरुद्ध जनहित याचिकाएं दायर करते रहे हैं। अब तक वे अमिताभ बच्चन, रितिक रोशन, अभिषेक बच्चन, आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के खिलाफ भी याचिकाएं दायर कर चुके हैं। जाहिर है, सवाल याचिका दायर होने पर नहीं, स्थानीय अदालत द्वारा इसे स्वीकार कर लेने पर है कि ऐसा करते हुए क्या संविधान के तकाजों को ध्यान में रखा गया है लोकतंत्र में आलोचना या असहमति की थोड़ी-बहुत जगह अब तक जुडिशरी की सक्रियता की वजह से ही बची हुई है। इधर एक तबके में यह खतरनाक सोच जड़ जमा रही है कि सरकार या प्रधानमंत्री की आलोचना करना देशद्रोह है।

# पुणे टेस्ट : भारत ने चुनी बल्लेबाजी, दोनों टीमों में 1-1 बदलाव

**पुणे।** यहां महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में गुरुवार को भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।

टेस्ट में नंबर-1 टीम भारत ने तीन मैचों की इस टेस्ट सीरीज के पहले मैच में शानदार जीत हासिल कर 1-0 की बढ़त ले ली है।

भारत की कोशिश सीरीज में अपनी बढ़त को दोगुना करने की होगी तो वहीं दक्षिण अफ्रीका



बराबरी की फिराक में होगी।

यह टेस्ट मैच भारत के विराट कोहली का बतौर कप्तान 50वां टेस्ट मैच है। वह ऐसा करने वाले भारत के दूसरे कप्तान हैं। उनसे पहले महेंद्र सिंह धोनी ने भारत के लिए 50 से ज्यादा टेस्ट मैचों में कप्तानी की है।

कोहली ने अपनी टीम में एक बदलाव किया है। हनुमा विहारी के स्थान पर तेज गेंदबाज उमेश यादव को टीम में जगह मिली है।

पिच को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भी अपनी टीम में एक बदलाव किया है। डेन पीट के स्थान पर तेज गेंदबाज एनरिक नोर्टजे को टीम में शामिल किया गया है।

**टीमें :**

भारत : विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी और उमेश यादव।

दक्षिण अफ्रीका : एडिन मार्कराम, डीन एल्गर, थेयुनिस डे ब्रयून, टेम्बा बावुमा (उप-कप्तान), फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), चिंटन डी कॉक (विकेटकीपर), वार्नोन फिलेंडर, सेनुरान मुथुसामी, केशव महाराज, एनरिक नोर्टजे और कागिसो रबादा।

# एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग ने बांड जारी कर जुटाए 7,000 करोड़



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) ने बांड जारी कर 7,000 करोड़ रुपये की राशि जुटायी है। कंपनी इसका उपयोग एअर इंडिया का कर्ज उतारने में करेगी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि एआईएएचएल के दूसरे बांड निर्गम को अधिक अभिदान मिला है। यह निर्गम 7,000 करोड़ रुपये का था। एअर इंडिया समूह की इस कंपनी के निर्गम को 21,736 करोड़ रुपये की बोलियां मिली हैं। प्रवक्ता ने कहा कि एआईएएचएल का दूसरा बांड निर्गम में 1,000 करोड़ रुपये का है।

इसकी अवधि 10 वर्ष है। इसमें 6,000 करोड़ रुपये का ग्रीन शू (अधिक अभिदान मिलने की स्थिति में नए बांड जारी करने का विकल्प) विकल्प भी है। इसके लिए 7.39 प्रतिशत की दर पर पूर्ण अभिदान मिला है। सितंबर में एआईएएचएल ने बांड जारी कर 7,000 करोड़ रुपये और जुटाए थे।

## एम दिन के विराम के बाद फिर घटे पेट्रोल, डीजल के दाम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को फिर उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली। तेल विपणन कंपनियों ने एक दिन के विराम के बाद फिर पेट्रोल और डीजल के दाम में मामूली कटौती की है। पेट्रोल का भाव दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पांच पैसे प्रति लीटर कम हो गया है। वहीं, डीजल चारों महानगरों में एक दिन पहले के मुकाबले अब छह पैसे प्रति लीटर कम भाव पर मिलने लगा है। इस महीने अब तक देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 1.07 रुपये लीटर घट गई है और डीजल के दाम में 74 पैसे प्रति लीटर की कमी आई है।

इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 73.54 रुपये, 76.18 रुपये, 79.15 रुपये और 76.38 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी घटकर क्रमशः 66.75 रुपये, 69.11 रुपये, 69.97 रुपये और 71.51 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

## नेशन ओपन एथलेटिक्स में हिस्सा नहीं लेंगे नीरज

**नईदिल्ली।** भारत के भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा रांची में गुरुवार से शुरू हो रही 59वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बुधवार को पहले ट्वीट कर जानकारी दी थी कि नीरज इस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। नीरज चोट के कारण विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी नहीं जा सके थे।

एएफआई ने बुधवार सुबह ट्वीट किया था, हर किसी के सुपर स्टार नीरज चोपड़ा वापसी कर रहे हैं। नीरज 59वीं नेशनल ओपन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मैदान पर उतरने को तैयार हैं।



अब हालांकि यह बात सामने आई है कि 21 साल के इस खिलाड़ी से नाम वापस लेने को कहा गया है क्योंकि प्रशिक्षकों को लगता है कि वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसी कारण नीरज ने अपना नाम वापस ले लिया है।

एएफआई द्वारा जारी विज्ञप्ति में चोपड़ा ने कहा, मैं दोबारा टूर्नामेंट खेलना चाहता हूं। चूंकि यह सीजन का आखिरी टूर्नामेंट है इसलिए मैं इसका अहसास करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा, मैंने अपने डॉक्टर्स से बात की है। और उन्होंने कहा कि मैं खेलने के लिए तैयार हूं। मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं।

## आज का राशिफल

मेषः- आज सुबह से ही किसी नई सोच को लेकर आपके अंदर नई शक्ति और उर्जा का संचार होगा। दिन के महत्व को समझें और लाभ उठाने से न चूकें।

वृषभः- आज का दिन आपका व्यस्ततापूर्वक बीतेगा, अधूरे कार्य पूर्ण होंगे, व्यवसाय हो या नौकरी सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। कलाकार एवं कारीगरों को उनकी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा और उनकी कदर होगी।

मिथुनः- आज भाग्य का साथ पाएंगे तो सभी कार्य बनते जाएंगे। उपाय करके ही कार्य की शुरुआत करें तभी कार्य में आने वाली बाधाएं दूर होंगी। आय-संपत्ति के लिए दिन शुभ है।

कर्कः- आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। बिना सोच-विचार के आज कोई कार्य न करें।

सिंहः- आज आपको आपके जीवनसाथी और प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। नई योजनाएं लाभ देंगी। मनोरंजन कार्य पर धन खर्च हो सकता है।

कन्याः- आज विरोधियों की आलोचना के प्रति ध्यान न दें। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। अचानक कोई शुभ सुचना से मन प्रसन्न रहेगा। प्रवास और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंद पहुंचाएगा।

तुलाः- आज आपको आपकी योग्यता के अनुसार मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान से सुख प्राप्त होगा। यात्रा में सफलता के योग बन रहे हैं।

वृश्चिकः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आपकी मानसिक प्रवृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध एवं आवेश से बचें। आंख में पीड़ा हो सकती है।

धनुः- आप आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। प्रिय व्यक्ति यों के साथ और मुलाकात यादगार रहेगी। यात्रा मंगलमय रहेगी। सभी कार्य पूर्ण होंगे। नौकरी में उत्साहजनक स्थिति रहेगी।

मकरः- आज अचानक धन लाभ का योग बन रहा है। कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट शुरू करना लाभदायक रहेगा, मौके बार-बार आपके दरवाजे पर दस्तक नहीं देंगे। कार्यक्षेत्र में अनुभवी लोगों से सहयोग मिलेगा।

कुंभः- आज सोचा हुआ कार्य पूर्ण होगा। आज कार्य सिद्धि का दिन है। आज मन और चित्त दोनों से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। मानसिक भार आज हल्का रहेगा।

मीनः- आज का दिन मध्यम फलदायी होगी। आज धन के अपव्यय का योग है। किसी को उधार न दें। यात्रा करने से परहेज करें। मानसिक तनाव से बचें। असंतोष छोड़कर आत्मसंतोषी बनें।

## रिलायंस की ओर से गैस नीलामी अब छह नवंबर को

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केजी-डी6 गैस ब्लॉक में गैस के नए उत्पादन की नीलामी को रिलायंस इंडस्ट्रीज ने छह नवंबर तक खिसका दिया है। ऐसा उसने बोली लगाने वालों के अनुरोध पर किया है। पहले यह नीलामी 11 अक्टूबर को होनी थी। रिलायंस और उसकी ब्रितानी सहयोगी कंपनी बीपी ने पिछले महीने इसके लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। कंपनी की योजना केजी-डी6 ब्लॉक में आर-क्लस्टर क्षेत्र से प्रतिदिन 50 लाख मानक घन मीटर गैस उत्पादन की है। यह उत्पादन कार्य 2020 की दूसरी तिमाही से शुरू होना है। नीलामी दस्तावेजों के अनुसार पहले यह नीलामी 11 अक्टूबर को होनी थी। सूत्रों ने बताया कि अक्टूबर में त्यौहार और छुट्टियों के चलते कुछ बोली लगाने वालों के अनुरोध पर नीलामी की तारीख को छह नवंबर तक खिसका दिया गया है। बोली लगाने वालों से ब्रेंट कच्चे तेल के आधार पर गैस की दर, आपूर्ति की अवधि और गैस की मात्रा की जानकारी मांगी गयी थी।




## डिप्रेशन दूर कर मेंटल हेल्थ बनाए रखने के लिए बेस्ट हैं ये एक्सर्साइज



इसमें कोई शक नहीं कि रेग्युलर बेसिस पर एक्सर्साइज करने से आप शारीरिक रूप से फिट और हेल्दी रहते हैं और कई तरह की बीमारियों से भी बचे रहते हैं। लेकिन वेट लॉस, बीमारियों का खतरा कम और शारीरिक सेहत के साथ-साथ एक्सर्साइज आपकी मानसिक सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है।

**ब्रेन और मेंटल हेल्थ को ऐसे प्रभावित करती है एक्सर्साइज**

-रेग्युलर एक्सर्साइज से आपका मूड बेहतर रहता है-आपकी मेमरी यानी याददाश्त मजबूत बनी रहती है, चीजें याद रखना आसान होता है-आपकी सोचने, सीखने और निर्णय लेने की क्षमता उम्र के साथ बेहतर होती है जाती है-ब्रेन हमेशा शार्प बना रहता है और आपकी क्रिएटिविटी बनी रहती है

**वॉकिंग या जॉगिंग**

एक्सर्साइज का मतलब ये नहीं कि जिम में घंटों पसीना बहाया जाए। प्रकृति के करीब रहकर 10 मिनट अगर वॉक भी कर लें तो यह आपके मेंटल हेल्थ के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकता है। एक रिसर्च में यह बात सामने आयी है कि रनिंग या जॉगिंग करने से बैड मेंटल हेल्थ डेज को 19 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।लिहाजा याद रखें, बॉडी को मूव करना और फिजिकल ऐक्टिविटी करना इम्पॉर्टेंट है।

## 83 की शूटिंग पूरी होने के बाद भावुक हो गए साकिब सलीम

डायरेक्टर कबीर खान की अपकमिंग फिल्म 83 की शूटिंग पूरी होने के बाद ऐक्टर साकिब सलीम ने कहा कि फिल्म की पूरी टीम ने साथ में कहानी के उतार-चढ़ाव का अनुभव किया। ऐक्टर फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद भावुक हो गया । 83 भारत के 1983 में पहली बार क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने की कहानी है। साकिब सलीम फिल्म में मोहिंदर अमरनाथ के किरदार में नजर आएंगे।

फिल्म में रणवीर सिंह कपिल देव की भमिका में हैं, जबकि दीपिका कपिल देव की पत्नी रोमी की भूमिका में हैं। इंग्लैंड के कई स्थानों पर फिल्म की शूटिंग की गई है, वहीं इसका अंतिम शेड्यूल मुंबई में फिल्माया गया और सोमवार को इसकी शूटिंग




पूरी हो गई।

साकिब सलीम ने कहा कि किसी भी फिल्म की अंतिम दिन की शूटिंग काफी भावनात्मक होती है लेकिन 83 के बात करूं तो भावुक कहना इसको बयां करने के लिए छोटा सा शब्द होगा कि मैं कैसा महसूस कर रहा हूं।

उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमने काफी समय साथ गुजारा और उस भावना को महसूस किया जो कि किसी खेल की टीम करती है।

## शाहरुख खान की अगली फिल्म को लेकर जल्द होगा ऐलान



पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई शाहरुख खान की फिल्म जीरो ने बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखाया था. इस फिल्म से भी शाहरुख खान की पिछली फ्लॉप फिल्मों का सिलसिला नहीं टूटा. इस फिल्म की नाकामी के 10 महीने बाद भी शाहरुख ने अब तक अपनी अगली फिल्म का ऐलान नहीं किया है. इस बीच, फैन्स और तमाम लोगों में आज भी शाहरुख की अगली फिल्म को लेकर अटकलों का दौर जारी है. ऐसे में शाहरुख को लेकर अब तक तीन अलग-अलग फिल्मों से जुड़ी अफ़वाहें उड़ चुकी हैं, इसमें से एक फिल्म की खबर को शाहरुख ने खुद ही झुठलाया था.

## प्रॉन पोटैटो सूप बनाने की विधि...



### सामग्री :

2 प्याज, टुकड़ों में कटा हुआ
1 आलू
6-7 प्रॉन्स
2 अंडे
1 कप दूध
40 ग्राम मक्खन
हरा धनिया , बारीक कटा हुआ
नमक
पानी

### बनाने की विधि :

आलूओं को छीलकर बड़े टुकड़ों में काट लें। आलू और प्याज को उबाल कर प्यूरी बना लें।

प्रॉन्स को छीलकर साफ कर लें। धोकर छोटे टुकड़ों में काट लें।

अंडे के सफेद भाग और पीले भाग को अलग कर लें। पीले भाग को दूध के साथ फेंट लें।

एक पैन में मक्खन को गर्म कर लें, इसमें प्रॉन्स डालकर पकाएं। जब यह थोड़े चमकदार हो जाए तो इसमें प्याज और आलू की प्यूरी डालें।

इसके बाद अंडे और दूध का मिश्रण डालें। इसे थोड़ी देर पकाएं।

जैसे ही सूप गाढ़ा होने लगे तो इसमें पानी, नमक और हरा धनिया डालें। इसे थोड़ी देर के लिए और पकाएं।

## शब्द सामर्थ्य- 11

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 10 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 11

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.10 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |